## महत्वपूर्ण एवं खास

### नाईट एक्सप्रेस का बदला टाईम, दुर्ग एक्सप्रेस हुई बंद

**जगदलपुर (आरएनएस)।** एक जुलाई से रेलवे प्रशासन ने एक्सप्रेस और पैजेंसर ट्रेनों की टाइमिंग में बदलाव किया है। नए टाइम टेबल के तहत किरंदुल-विशाखापटनम एक्सप्रेस शाम 7:15 के बाजाए अब 6:35 बजे जगदलपुर से छूटेगी। इसी प्रकार सुबह 5:25 के बजाए 5:30 को यह ट्रेन जगदलपुर आएगी। रेलवे ने अपने ऑनलाईन सिस्टम में भी नई सारणी को अपडेट कर दिया है। यात्री ऑनलाईन एप के माध्यम से भी ट्रेनों की टाइमिंग चेक कर सकते हैं। वहीं रायपुर डिविजन में रेल लाइन मेंटनेंस वर्क चल रहा है। इससे कई लोकल-पैसेंजर के साथ ही कई एक्सप्रेस ट्रेनों की टाइमिंग पटरी से उतर गई है। मेंटनेंस वर्क के चलते दुर्ग-जगदलपुर एक्सप्रेस को अनिश्चितकाल तक के लिए रद्द कर दिया गया है।

### खड़ी कंटेनर से 88 कार्टून दवाई पार, रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** कंटेनर वाहन में रखे 88 पेटी कार्टून कीमत 12 लाख का दवाई को किसी ने चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट आरंग थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार महेंदर गुर्म 29 वर्ष पिता स्वर्गीय यदागरी गुर्म निवासी कुशलोर हयात नगर तेलंगाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रसनी टोल प्लाजा आरंग के पास खड़ी कंटेनर वाहन ने लोड 88 कार्टून दवाई कीमत 12 लाख रुपए को 29 जून 2019 को किसी ने चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379 के तहत अपराध कायम कर घटना की जांच कर रही है।

### खेत जोताई के हिसाब को लेकर टंगिया से वार कर युवक को किया घायल, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** ट्रैक्टर चालक ने खेत जोतने का पैसा के हिसाब को लेकर विवाद कर टंगिया से मारकर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट धरसीवां थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार गोढ़ी चौकी के पास ग्राम मोहंदी धरसींवा रायपुर में खेत जोतते समय ट्रेक्टर चालक ईश्वर धीवर पिता मिलउराम धीवर ग्राम मोहंदी निवासी ने ट्रेक्टर से खेत जोताई किए जाने के हिसाब को लेकर खेमलाल वर्मा आयु 37 वर्ष को टंगिया से प्रहार कर घायल कर फरार हो गया। प्रार्थी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने प्राथी की रिपोर्ट पर ट्रेक्टर चालक के खिलाफ धारा 324 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया है।

### जोगी कांग्रेस ने दरभा वनाधिकारियों पर लगाया मनमानी का आरोप

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छजकां के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र भवानी व बोमड़ाराम मंडावी ने दरभा विकासखंड के कामानार व बीसपुर डिवीजन के वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि क्षेत्र के छोटे से लेकर बड़े अधिकारी तक आतंक मचा रखे हैं। ग्राम पंचायत चिड़पाल के मांदरकोंटा व अलवा के ग्रामीणों पर छोटी-छोटी बातों को लेकर फंसाने व अवैध वसूली करने का काम किया जा रहा है। जिसे क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं। उन्होंने कहा कि 2018 के विस चुनाव के दौरान भी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गांवों में घरों से लकड़ी निकालकर रास्ते में जब्त करना बताया गया है, जो कि गलत है और इस मामले को लेकर जनता कांग्रेस द्वारा ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जायेगा।

### अधेड़ ने अग्निस्नान कर किया आत्महत्या,कारण अज्ञात

**रायपुर (आरएनएस)।** अज्ञात कारण से अधेड़ ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा लिया जिसके चलते घटना स्थल पल ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुन्दर नगर चंगोराभाठा निवासी डीडीनगर थाना क्षेत्र में आज दोपहर उत्तम दुबे 53 वर्ष ने अपने उपर पेट्रोल डालकर आग लगा लिया जिसके चलते घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना स्थल पर मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान हो पाई है। आस-पास के लोगों ने बताया कि मृतक पेशे से ट्रांसपोर्टर था व किस कारण से उसने आत्महत्या किया यह जांच का विषय है। घटना स्थल पर पुलिस ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजवा दिया है।

# तेलंगाना को बेची की गई बिजली का सम्पूर्ण राशि का भुगतान अभी तक अप्राप्त-मुख्यमंत्री

**» वसूली के लिए प्रयास किए जा रहे**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा तेलंगाना राज्य को अनुबंध के आधार पर बेची गई बिजली की सम्पूर्ण राशि का भुगतान अभी तक अप्राप्त है। ये जानकारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में जनता कांग्रेस छग के विधायक धर्मजीत सिंह के लिखित प्रश्नों के लिखित जवाब में दी है।

मुख्यमंत्री ने धर्मजीत सिंह के प्रश्नों के लिखित जवाब में बताया कि छग राज्य विद्युत मंडल एवं तेलंगाना राज्य विद्युत मंडल के मध्य तेलंगाना को विद्युत आपूर्ति हेतु अनुबंध किया गया था। उन्होंने बताया कि तेलंगाना राज्य को बिजली विद्युत आपूर्ति हेतु छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमि. तथा सदर्न पॉवर डिस्ट्रीन्यूशन कंपनी ऑफ तेलंगाना लिमि. एवं नार्दन पॉवर डिस्ट्रीन्यूशन कंपनी ऑफ तेलंगाना लिमि. के मध्य दीर्घकालीन पॉवर पर्चेस एग्रीमेंट दिनांक 22 सितंबर 2015 को निष्पादित किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिजली का क्रय मेगावट में नहीं, बल्कि बिजली की यूनिट्स में होता है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि उक्त अवधि में तेलंगाना राज्य को बेची गई बिजली की कुल यूनिट्स हेतु प्राप्त भुगतान की राशि 2602.02 करोड़ है। उक्त राशि वर्षवार क्रमशः 2017-18 में 1387.29 करोड़, वर्ष 2018-19 में 1046.97 करोड़ एवं 2019-20 में माह मई तक 167.76 करोड़ की राशि का भुगतान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने बताया कि तेलंगाना राज्य को उक्त अवधि में कुल 10904.57 मिलियन यूनिट बिजली बेची गई है, जबकि कुल 2602.02 करोड़ राशि का भुगतान हुआ है। इस तरह तेलंगाना राज्य की दोनों डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों से बिजली बिल की सम्पूर्ण राशि का भुगतान अप्राप्त है। उन्होंने बताया कि बिजली बिलों की बकाया राशि की वसूली हेतु नियमित रूप से स्मरण पत्र के साथ-साथ व्यक्तिगत प्रयास किए गए है। उक्त दोनों डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के साथ निष्पादित पॉवर परचेस एग्रीमेंट की शर्तों के अधीन, छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमि. के पक्ष में उपलब्ध लेटर ऑफ क्रेडिट की सीमा में राशि की वसूली की कार्रवाई के प्रयास है।

## उपचार के दौरान गर्भवती नवविवाहिता की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** देर रात को जिला अस्पताल में हालत बिगडने़ पर उपचार के लिए लाई गई गर्भवती नवविवाहिता की मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर इसकी जानकारी संबंधित थाना दीपका पुलिस को दे दी है।

जानकारी के अनुसार शांति नगर दीपका निवासी जोहन चौहान उम्र 24 की शादी दो वर्ष पूर्व रविना चौहान के साथ हुई थी। रविना कुछ माह से गर्भवती थी, जिसकी गत रात्रि 2.30 बजे के लगभग हालत बिगड़ गई। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी 3.30 बजे मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने वार्ड ब्वाय की सूचना पर मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

## मंडल रेल प्रबंधक रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग में उत्कृष्ठ कार्य के लिए कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया




**रायपुर (आरएनएस)।** शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक कौशल किशोर द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग के चेकिंग स्टाफ दुर्ग को ग्रुप अवार्ड एवं सर्टिफिक्रेट (12 सदस्य) एवं रायपुर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ के 7 कर्मचारियों को व्यक्गित परस्कार एवं सर्टिफिक्रेट दिया गया। जिसमें उप मुख्य टिकट निरीक्षक के. विष्वेष्वर राव को विषेष रूप से घर से भागकर आयें बच्चो को उनके परिजनों से मिलानें में किए गए प्रषंसनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त आर.आर. बद्रा मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक नें युनिवर्सिटी के पीआरएस काउंटर में कार्य के दौरान असामाजिक तत्वों से कैष काउंटर की सुरक्षा कर रेलवे को राजस्व की हानि नही होने दी, इस साहसिक कार्य के लिए आर.आर. बद्रा मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक को व्यक्तिगत पुरस्कार एवं सर्टिफिक्रेट देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कौशल किशोर सहित वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक तन्मय मुखोपाध्याय, मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता एवं संबंधित अधिकारी एवं निरीक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुएं में मिला दो मासूम का शव, हत्या का संदेह, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा (आरएनएस)।** सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत ढोढ़ीपारा बस्ती के न्यू भैंस खटाल के एक कुंए में देर रात को घंटों से लापता दो मासूमों की खोजबीन के दौरान लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों द्वारा एक युवक पर हत्या का संदेह जताए जाने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार न्यू भैंसखटाल देव कुमार चौहान की 7 वर्षीय पुत्री कुमारी नेहा उर्फ खुशी तथा उसके ही परिवार के विश्वनाथ चौहान का 6 वर्षीय पुत्र आकाश चौहान कल शाम 7.30 बजे से घर के पास खेलने के बाद अचानक गायब हो गए थे, जिसके कारण दोनों चौहान परिवारों के सदस्यों के चेहरे की रौनक गायब हो गई और परेशान होकर बच्चों की खोजबीन करते रहे। यहां तक की 10 बजे रात्रि तक बच्चों की कोई जानकारी नहीं मिली तो उनके गुमशुदा होने की मौखिक सूचना फोन से रात्रि 10.10 बजे दी गई। बताया जाता है कि इसी बीच चौहान परिवार के घर के सामने स्थित कुएं के बाहर कुमारी खुशी का चप्पल देखने के बाद पूरे बस्ती के लोग वहां एकत्रित हो गए, जिसके बाद कुएं में कांटा डाला गया तो उसमें उक्त मासूम बच्ची फंस गई और उसे निकाला गया। इसी तरह कांटा डालकर मासूम आकाश चौहान को भी निकाला गया। इस पूरे घटनाक्रम की सूचना सीएसईबी चौकी प्रभारी जितेन्द्र सिंह यादव को दी गई। इस ह्दय विदारक घटना की सूचना मिलते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी यादव हमराह प्रधान आरक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार एवं आरक्षकों के साथ घटना स्थल पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी एसपी जितेन्द्र सिंह मीणा, एएसपी जयप्रकाश बढ़ई, सीएसपी कोरबा शेरबहादुर सिंह, टीआई कोतवाली दुर्गेश शर्मा को दी। इसके साथ ही चौकी प्रभारी ने मृतकों के शव को पंचनामा कार्रवाई करने के उपरांत उन्हें पीएम के लिए जिला अस्पताल के चीरघर भिजवा दिया। परिजनों ने बताया कि ढोढ़ीपारा बस्ती न्यू भैंस खटाल में बालको नगर निवासी अनिल नामक युवक को कल दिन में कई बार देखा गया, जिसका वहीं की एक युवती के साथ प्रेम संबंध चला आ रहा है। जिसकी भूमिका काफी संदिग्ध बतायी जा रही है। इसी वजह से मृतकों के परिजनों ने हत्या का संदेह जताते हुए उसके उपर शंका व्यक्त की है।

सीएसईबी पुलिस के अनुसार संदेही युवक उनके रडार में है और उससे काफी बारिकी से पूछताछ की जा रही है।

## एआईसीसी को जल्द मिलेगा नया अध्यक्ष : पीएल पुनिया

**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चल रहे चर्चाओं के बीच प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया ने कहा कि नए अध्यक्ष के नाम पर बना सस्पेंस जल्द छंट जाएगा और सप्ताह भर के भीतर नए अध्यक्ष का नाम घोषित हो जाएगा। एआईसीसी के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया तीन दिवसीय प्रदेश दौरे पर हैं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी हित के लिए और पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को निश्चित रूप से बढ़ावा दिया जाएगा, वहीं पार्टी के खिलाफ काम करने वाले कार्यकर्ताओं को चिन्हांकित कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए पुनिया ने कहा कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए मंथन चल रहा है, जल्द ही नए अध्यक्ष की नियुक्ति हो जाएगी। नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनेगा? पूछे जाने पर उन्होने कहा कि इसके लिए अभी इंतजार कीजिए, सप्ताह भर के भीतर नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा हो जाएगी और कांग्रेस को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। राज्य सरकार क कामकाज और प्रदर्शन के सवाल पर पुनिया ने कहा कि राज्य सरकार बेहतर काम कर रही है, जनता सरकार के कामकाजों की समीक्षा खुद करती है।


## नक्सलियों ने पटवारी को बेदम पीटकर रिहा कर दिया

**बीजापुर (आरएनएस)।** भैरमगढ़ तहसील के इतामपारा पंचायत में बीते दिनों माओवादियों ने एक पटवारी की बेरहमी से पिटाई कर दी। माओवादियों की पिटाई से पटवारी को काफी चोट आई है। ग्रामीणों के निवेदन के बाद माओवादियों ने पटवारी को छोड़ दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भैरमगढ़ तहसील के हल्का नंबर 15 के पटवारी सुरजू राम अपने एक साथी के साथ प्रधानमंत्री सम्मानिधि योजना का फार्म ग्रामीणों से भरवाने ग्राम पंचायत इतामपारा गए हुए थे। यहां उनके पहुंचते ही कुछ माओवादी उनके पास आ धमके और उनकी आंख में पट्टी बांधकर उन्हें जंगल की ओर ले गए। माओवादियों ने यहां उनकी डंडो से बेरहमी से पिटाई कर दी।

## बैल की मौत से निराश किसान झूला मौत के फंदे में

**गरियाबंद।** गरियाबंद में बैल की मौत से दुखी एक किसान ने आत्महत्या कर ली किसान अपने दिव्यांग बेटे की तकलीफों से भी परेशान था घटना सढोंली गांव की हैं यहाँ दिन भर से लापता 70 वर्षीय किसान का शव फांसी पर लटका मिला तो रिश्तेदार एवं गांव वालों ने बताया कि बैल मरने के कारण समय पर धान बुवाई नहीं हो पाई थी जिसे लेकर किसान काफी परेशान था।

गरियाबंद के सढोली गांव के किसान रामेश्वर यादव अपने दिव्यांग बेटे की तकलीफों को देखकर लंबे समय से परेशान चल रहा था किसी तरह वह खेती किसानी कर परिवार चलाता था इन सबके बीच कुछ दिन पहले उसने अपनी जमा पूंजी से दो बैल खरीदा था जिससे उसे खेती और अच्छे से होने की उम्मीद थी लेकिन कुछ ही दिन पहले बैल की मौत हो जाने से किसान रामेश्वर यादव काफी परेशान हो गया था बीती सुबह किसान रामेश्वर बिना बताए घर से कहीं चला गया था जिसकी खोजबीन में गांव वाले जुटे हुए थे



गांव वालों को आज सुबह उसकी लाश एक पेड़ पर फांसी पर लटकी हुई मिली जिसके बाद किसान के रिश्तेदारों ने बताया कि बैल की मौत से किसान कुछ ज्यादा ही दुखी था इन सबके बीच गरियाबंद पुलिस की सहायता से किसान के शव को उतरवा कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय के मरचुरी लाया गया वहीं अब दिव्यांग बेटे के पालन पोषण की चिंता परिवार के बाकी लोगों को सता रही है।

## दबंग 3 सीक्वल नहीं प्रीक्वल हैः सोनाक्षी

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म दबंग 3 दबंग संस्करण की सीचल नहीं बल्कि प्रीचल है। सोनाक्षी सिन्हा ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2010 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म दबंग से की थी। इसके बाद सोनाक्षी ने वर्ष 2012 में प्रदर्शित दबंग के सीचल दबंग 2 में काम किया। सोनाक्षी इन दिनों सलमान खान के साथ दबंग 3 में काम कर रही है। सलमान एक बार फिर चुलबुल पांडेय बनकर बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं।



सोनाक्षी ने बताया कि दबंग, असल में सीचल नहीं, प्रीचल है, जिसमें चुलबुल पांडेय की कहानी फ्लैशबैक में दिखायी जाएगी। बताया जा रहा है कि इसके लिए सलमान और सोनाक्षी, दोनों को ही पर्दे पर कम उम्र दिखाया जाएगा। बताया जा रहा है कि सलमान फ़िल्म में क़रीब 15 साल यंग नज़र आएंगे, जिसके लिए वो इन दिनों जिम में पसीना बहा रहे हैं। सलमान ने इंस्टाग्राम एकाउंट पर वीडियो भी पोस्ट किया था।

हालांकि इसके साथ सलमान ने दबंग 3 को लेकर कोई ज़िक्र नहीं किया था। दबंग 3 को प्रभुदेवा निर्देशित कर रहे हैं। इस बार फ़िल्म में साउथ सिनेमा के सुपरस्टार सुदीप किच्चा विलेन का किरदार निभा रहे हैं। दबंग सीरीज़ की दोनों फ़िल्मों में विनोद खन्ना ने चुलबुल पांडेय के सौतेले पिता का रोल निभाया था लेकिन उनके निधन के बाद दबंग 3 में यह किरदार उनके भाई प्रमोद खन्ना को दिया गया है। फ़िल्म इसी साल क्रिसमस पर रिलीज़ हो रही है।

## किरदार की तैयारी के लिए हर्षवर्धन ने खुद को किया बंगले में कैद



बेजॉय नांबियार की आने वाली फिल्म तैश में अपने किरदार की तैयारी करने के लिए अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने खुद को मुंबई से कुछ सौ किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक बंगले में कैद कर लिया है. फिल्म में उनका किरदार जटिल और चुनौतीपूर्ण है, ऐसे में यह नवोदित कलाकार अपने अभिनय को एक अलग स्तर पर ले जाना चाहता है.

इस तैयारी की प्रक्रिया के बारे में ज्यादा खुलासा न करते हुए हर्षवर्धन ने कहा, मैं पहली बार इस तरह के किसी विषय के साथ प्रयोग कर रहा हूं और अज्ञात में समा जाना चाहता हूं, यह जाने बिना कि इससे क्या निकलने वाला है.

इस फिल्म में हर्षवर्धन, अमित साध और जिम सर्भ के साथ नजर आएंगे.

## सत्ते पे सत्ता के रीमेक में रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण की बनेगी जोड़ी

कुछ महीने पहले खबर आयी थी कि रोहित शेट्टी और फराह खान मिलकर एक फिल्म बनाने वाले हैं। बाद में पता चला कि यह फिल्म अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी स्टारर क्लासिक फिल्म सत्ते पे सत्ता का रीमेक होगी। उस वक्त कहा जा रहा था कि बिग बी के रोल के लिए शाहरुख खान और हेमा मालिनी के रोल के लिए कटरीना कैफ को साइन किया गया है। लेकिन अब जो खबर आयी है उसके मुताबिक, इन दोनों किरदारों के लिए रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण को साइन किया गया है।

बता दें कि दीपिका और रितिक कई बार एक-दूसरे के साथ काम करने की इच्छा जता चुके हैं, लेकिन कभी साथ काम करने का मौका नहीं मिल पाया। लेकिन अब दोनों एक ही फिल्म में साथ काम करेंगे। पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, सत्ते पे सत्ता के रीमेक में अमिताभ बच्चन वाले रोल के लिए रितिक और हेमा मालिनी वाले रोल के लिए दीपिका को साइन किया गया है।




रिपोर्ट के अनुसार, फराह और रोहित को लगता है कि इन किरदारों के लिए रितिक और दीपिका एकदम परफेक्ट हैं और वे इनमें फिट भी बैठेंगे। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जब फराह खान ने फिल्म की कहानी दीपिका को सुनाई तो उन्हें काफी पसंद आयी और तुरंत हामी भर दी।

बता दें कि सत्ते पे सत्ता का रीमेक जहां फराह के साथ दीपिका की तीसरी फिल्म होगी, वहीं रोहित शेट्टी के साथ चेन्नै एक्सप्रेस के बाद दूसरी फिल्म होगी। इस प्रॉजेक्ट के अलावा दीपिका कबीर खान की फिल्म 83 में भी नजर आएंगी। यह पूर्व क्रिकेटर कपिल देव की लाइफ पर बन रही एक बायॉपिक हैं, जिसमें कपिल का मुख्य किरदार दीपिका के पति और ऐक्टर रणवीर सिंह निभा रहे हैं।